The following preventive measures are taken:—

(i) Warning Boards are displayed in all the coaches.

(ii) Carriage of inflammable articles by passenger-carrying trains is banned.

(iii) RPF staff on platform duty have been directed to check unauthorized carriage of inflammable articles.

(iv) Parcel Booking Clerks and Luggage Booking Clerks have been instructed to ensure that no inflammable articles is booked by passenger-carrying trains.

(v) An Instant Action Group has been introduced in selected super-fast trains, which also prevents entry of unauthorized per sons including vendours who carry "Sikiri"; and

(vi) During festival seasons like Diwali, special checks are conducted on passenger-carrying trains to ensure that no fire crackers are carried.

तुगलकाबाद कन्टेनर डिपो से सामान की चोरी

1193. **श्री राघवजी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि तुगलकाबाद कन्टेनर डिपो में निर्यात किए जाने वाले सामान में से चोरी की अनेक घटनाएं गत कुछ महीनों में घटी है;

(ख) वर्ष 1996-97 के दौरान ऐसी कितनी घटनाएं हुई हैं और प्रति वर्ष चोरी किए गए सामानों का अनुमानित मूल्य कितना है;

(ग) उपर्युक्त चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है और यह प्रयास कहां तक सफल हुए है; और

(घ) इन चोरियों में लिप्त चोरों को पकड़ने में कहां तक सफलता मिली है; यदि सफलता नहीं मिली है, तो इसके क्या कारण है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाइक): (क) जी नहीं।

(ख) निर्यात कार्गो को चोरी के पांच मामलों की रिपोर्ट 1996-97 के दौरान तथा 3 मामलों की रिपोर्ट 1997-98 के दौरान की गई थी, बहरहाल, 1.4.98 और 15.5.98 के बीच ऐसा कोई मामला नहीं हुआ है। चुराए गए कार्गो का अनुमानित मूल्य उपलब्ध नहीं है।

(ग) घरेलू कन्टेनर डिपो, तुगलकाबाद में चोरी की ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण रखने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं।

(i) 15.9.97 से सुरक्षा ड्यूटी के लिए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

(ii) डिपो में व्यक्तियों के प्रवेश पर नियंत्रण रखने के लिए पहचान पत्रों तथा गेट पासों की प्रणाली शुरू की गई है।

(iii) भेद्य स्थानों पर चारदीवारी की ऊंचाई बढ़ाई गई है।

(iv) चार दिवारी के साथ-साथ निगरानी टावर बनाए गए हैं जिन पर चौबीसों घंटे आदमी तैनात होते हैं।

(v) दिल्ली पुलिस और रेल सुरक्षा बल के बीच निकट समन्वय बनाया जा रहा है।

उपरोक्त उपायों से निर्यात कार्गो की चोरी की घटनाएं कम करने में मदद मिलेगी।

(घ) वर्ष 1996-97 तथा 1997-98 के दौरान तुगलकाबाद के सुरक्षा कर्मियों द्वारा तीन अपराधी पकड़े गए थे और उन्हें दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया था।

Development of Medicinal and Aromatic Plants in Bihar

1194. **SHRI S.S. AHLUWALIA:** Will the Minister of SCIENCE AND TECHNOLOGY be pleased to state:

(a) whether Government are implementing a central scheme for the development of medicinal and aromatic plants in Bihar;

(b) if so, the details thereof;

(c) the results achieved therefrom; and